भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1512
बुधवार, 12 मार्च, 2025 (21 फाल्गुन, 1946 (शक)) को उत्तरार्थ

राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड के जैविक उत्पादों के मानदंड

1512# श्री आदित्य प्रसादः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) अपने जैविक उत्पादों का विपणन किस प्रकार कर रही है;

(ख) भारत में जैविक उत्पादन के क्या मानदंड है और राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड जैविक उत्पादन के किन मानदंडों का अनुपालन कर रही है; और

(ग) राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड जैविक उत्पादन करने वाले किसानों के लिए क्या कदम उठा रही है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) सहकारिता मंत्रालय द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन से जैविक आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त करने में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) की स्थापना की गई है। वर्तमान में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सफल स्टोर श्रृंखला के साथ-साथ जनरल ट्रेड, मॉडर्न ट्रेड और ई-कॉमर्स द्वारा 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड से जैविक उत्पादों का विपणन कर रहा है ।

(ख) जैविक उत्पादों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) प्रमाणित जैविक किसानों और सहकारी समितियों के साथ कार्य करते हुए भारत में प्रचलित राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (NPOP)/भागीदारी गारंटी प्रणाली (PGS) जैविक मानकों का भी अनुपालन कर रहा है । यह उत्पाद गुणवत्ता और अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु 100% बैच परीक्षण और ट्रेसेबिलिटी प्रणाली कार्यान्वित कर रहा है ताकि उपभोक्ता तक केवल प्रामाणिक जैविक उत्पाद ही पहुंचे ।

(ग) राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) जैविक उत्पादकों से लेकर ग्राहकों तक 'भारत ऑर्गेनिक्स' की एक सशक्त आपूर्ति श्रृंखला का सृजन कर रहा है जिसमें उत्पादकों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य और ग्राहकों को प्रामाणिक जैविक उत्पाद प्राप्त होता है । राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) अपने सदस्यों को जैविक कृषि अपनाने में सहायता प्रदान कर रहा है तथा प्रमाणन, प्रयोगशाला परीक्षण, प्रशिक्षण, बाजार पहुंच एवं उचित मूल्य निर्धारण में उनकी मदद कर रहा है ।

*****